Regarding alleged irregularities in construction work of NH 730C in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -Laid

श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर) : मैं सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी जो संसदीय क्षेत्र शाहजहापुर (उ०प्र०) से होकर गुजरता है, की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । मेरे संसदीय क्षेत्र के गुजरने वाले इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा अल्लाहगंज से मीरानपुर कटस सेक्शन में पेव्ड शेल्डर कॉन्फ़िगरेशन के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन का कार्य चल रहा है ।

उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटरा से रहेता, जो 23 कि०मी० है तथा मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के अन्तर्गत आता है, के भ्रमण के दौरान मुझे विदित हुआ है कि उक्त 23 कि०मी० सड़क के निर्माण कार्य में निर्माण सामग्री मानकों के अनुरूप उपयोग में नहीं लाई जा रही है और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बहुत ही घटिया स्तर की है ।

मुझे संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बिल्डर कंपनी के विरुद्ध ग्रामीणों से निरंतर शिकायतें मिल रही है कि यह बिल्डर सरकारी धन का दुरुपयोग कर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है ।

मैं यह तथ्य भी ध्यान में लाना चाहूंगा कि उपर्युक्त कटरा रहेता राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में मिट्टी का घनत्व भी ठीक नहीं है तथा गिट्टी का साईज भी मानक के अनुरूप नहीं है और सड़क निर्माण के कार्य हेतु जिन किसानों की भूमि से मिट्टी ली गई है. उसको अधिक मात्रा में निकाला गया है और साथ ही किसानों की सहमति के बगैर ही रात्रि के समय में उनकी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया गया है, जिससे न केवल स्थानीय किसानों में नाराजगी है, बल्कि ग्रामों के सम्पर्क मार्ग भी खराब हो गए हैं और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ०प्र०) के अन्तर्गत कटरा से रहेता (राष्ट्रीय राजमार्ग 730-सी), जिसकी दूरा 23 कि०मी० है. के निर्माण कार्य में हो रहे कदित कदाचार और उपयोग में लायी जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा उपर्युक्त तथ्यों की जांच मंत्रालय स्तर पर केन्द्रीय तकनीकी समिति से करवाए जाने और जांच के दौरान संबंधित अधिकारियों को मुझसे भी सम्पर्क किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाए ।